**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 20 जनवरी 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पहला खो-खो विश्वकप जीतने पर भारतीय पुरूष और महिला टीमों को बधाई दी है। राष्ट्रपति ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि खिलाड़ियों ने देश के इस पारंपरिक खेल में अपनी श्रेष्ठता प्रमाणित की है। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक सफलता देश के युवाओं को प्रेरित करेगी और इस खेल को अधिक लोकप्रिय बनाएगी।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पुरूष और महिला टीमों को इस ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह विजय खिलाड़ियों के असाधरण कौशल, संकल्प और आपसी तालमेल का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इस जीत ने देश के पारंपरिक खेलों की ओर ध्यान खींचा है।

****************************************************************

हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति का चुनाव कल शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रदेश में कुल 69.85 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इस चुनाव में सर्वाधिक 22 निर्दलीय उम्मीदवार विजयी हुए जबकि पंथक दल झिंडा के 9, हरियाणा सिख पंथक दल के छः एवं सिख समाज संस्था के 3 उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की। हरियाणा गुरुद्वारा चुनाव आयोग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायाधीश एच. एस. भल्ला के बताया कि हरियाणा में पहली बार गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के लिए चुनाव करवाए गए जिनमें सर्वाधिक निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है।उन्होंने बताया कि इस समिति में कुल 49 सदस्य होंगे। 40 जीत कर आए हैं तथा 9 मनोनीत सदस्य होंगे। उन्होंने बताया कि इन्हीं सदस्यों में से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष आदि का चुनाव होगा। जिसके लिए 15 से 20 दिन का समय लगेगा।

****************************************************************

हरियाणा के उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह ने गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड के अधिकारियों को मिलेनियम सिटी सेंटर से रेलवे स्टेशन, सैक्टर-22 व साइबर सिटी के बीच मेट्रो विस्तार कार्य में तेज़ी लाने को कहा है।राव नरबीर सिंह ने

कल गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड के अधिकारियों के साथ मेट्रो विस्तारीकरण के प्रस्तावित रूट के निरीक्षण के दौरान यह निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को इस संबंध में लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए यातायात सुचारू रूप से संचालित रखने के लिए बेहतरीन योजना बनाने की हिदायत भी की। मंत्री ने निर्देश दिए कि इस पूरी परियोजना में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि प्रस्तावित रूट में ड्रेनेज सिस्टम, बिजली, पेयजल एवं सीवरेज सहित अन्य महत्वपूर्ण सुविधायें कम से कम प्रभावित हों। और इसके इलावा निर्माण प्रक्रिया के दौरान बदले गए रूट पर जाम की स्थिति न पैदा हो।गौरतलब है कि यह मेट्रो संचार आधारित रेल नियंत्रण सिग्नल पर आधारित होगी तथा अधिकतम स्पीड 80 किलोमीटर प्रति घंटा होगी। शुरुआत में इस मेट्रो कनेक्टिविटी में 3 कोच लगाए जाएंगे तथा उसके बाद इसे 6 कोच तक बढ़ाया जाएगा। मेट्रो विस्तारीकरण परियोजना लागू करने के लिए एक कार्यकारी समिति व एक समन्वय समिति का भी गठन किया गया है, जो इस परियोजना को जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए दिन-प्रतिदिन आने वाले विभिन्न समन्वय मुद्दों का निष्पादन करेगी।

***************************************************************

हरियाणा के कृषि मंत्री एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कल रेवाडी में महाराणा प्रताप की पुण्य तिथि के अवसर पर प्रतिभा सम्मान समारोह में शिरकत की और खेल, शिक्षा व अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सर्व समाज के युवाओं को सम्मान पत्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर मंत्री ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और अपने संबोधन में कहा कि महाराणा प्रताप सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। श्री राणा ने युवाओं को जिंदगी में कभी भी हार न मानते हुए महाराणा प्रताप के दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।इस मौके पर विधायक लक्ष्मण सिंह यादव और असंध के विधायक योगिंदर सिंह राणा व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

***************************************************************

भिवानी के उपायुक्त महावीर कौशिक ने कहा है कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जिले  के 12युवा किसानों को नि:शुल्क ड्रोन प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए आज  से पांच फरवरी तक विभागीय पोर्टल एग्री हरियाणा डॉट जीओवी डॉट इन पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।  उप कृषि निदेशकविनोद फोगाट ने बताया कि सरकार का वर्ष 2024-25 के दौरान 500 किसानों को प्रशिक्षणदेने का लक्ष्य है और अभी तक 267 किसानों को प्रशिक्षण दिया गया है।उन्होंने बतायाकि भिवानी जिले में 11 किसानों को ड्रोन पायलट का प्रशिक्षण दिया जा चुका है औरकुल 23 युवाओं को यह प्रशिक्षण दिया जाना है।